प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
केंद्रीय विद्यालय संगठन
कक्षा -बारहवीं
विषय -हिंदी आधार(302)
द्वितीय सत्र परीक्षा -2021-22

निर्धारित समय : 90 मिनट **अधिकतम अंक: 40**

सामान्य निर्देश :

1. **इस प्रश्न-पत्र में तीन खंड है ।**
2. **खंड 'अ' में दिए गए कार्यालयी और रचनात्मक लेखन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।**
3. **खंड'ब' में दिए गए पाठ्य पुस्तक से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए|**
4. **खंड'स' में पूरक पुस्तिका से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |**

	खंड – अ	
	कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन	
प्रश्न–1	दिए गए नए और अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए |	**5X1=5**
	(क) मेरा प्रिय टाइम पास (ख) झरोखे से बाहर (ग) एक कामकाजी औरत की शाम	
प्रश्न -2	आपके क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था अत्यंत दयनीय है | क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है | इसके प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए | अथवा अस्पताल के प्रबंधन पर असंतोष व्यक्त करते हुए अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र लिखिए |	**5X1=5**
प्रश्न -3	(क) नाटक के किन्हीं तीन तत्वों का उल्लेख कीजिए | अथवा कहानी की कथावस्तु के चार भाग(अंग) कौन से होते हैं ? स्पष्ट कीजिए |	**3X1=3**
	(ख) कहानी और नाटक में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए | अथवा नाटक में संवाद(कथोपकथन) का क्या महत्व होता है ?	**2X1=2**
प्रश्न- 4	(क)समाचार लेखन के छह ककार कौन-कौन से हैं ? अथवा आलेख लेखन से क्या अभिप्राय है ?	**3X1AA=3**
	(ख) पत्रकारीय लेखन से क्या अभिप्राय है ? अथवा फीचर की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए	**2X1=2**

	खंड'ब'	
प्रश्न -5	***काव्य पाठों पर आधारित दिए गये तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए |*** (क)'फिराक' की रुबाइयों में उभरे घरेलू जीवन के बिंबों का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए | (ख) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आभिर्भाव क्यों कहा गया है ? (ग)कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता है कि उषा कविता गाँव की सुबह का गतिशील चित्रण है ?	**3X2=6**
प्रश्न-6	***गद्य पाठों पर आधारित दिए गए चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए |*** (क)जाति प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे आंबेडकर के क्या तर्क हैं ? (ख) **मानचित्र पर एक लकीर खींच देने भर से ज़मीन और जनता बंट नहीं जाती है** -उचित तर्कों व उदाहरणों के ज़रिये इसकी पुष्टि करें | (ग) लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं, यही ढ़ोल है ? (घ) नमक कहानी में भारत व पाक की जनता के आरोपित भेदभावों के बीच मुहब्बत का नमकीन स्वाद घुला हुआ है, कैसे ?	**3X3=9**
	खंड'स'	
प्रश्न -7	***पूरक पुस्तिका से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |***	
	(क) 'सिंधु-सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य -बोध है जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज पोषित था|' ऐसा क्यों कहा गया है ? अथवा "यह साठ लाख लोगों की तरफ़ से बोलने वाली एक आवाज़ है | एक ऐसी आवाज़ , जो किसी संत या कवि की नहीं, बल्कि एक साधारण लड़की की है |"इल्या इहरन बुर्ग की इस टिप्पणी के सन्दर्भ में ऐन फ्रैंक की डायरी के पठित अंशों पर विचार करें |	**3X1=3**
	(ख) सिंधु -सभ्यता साधन संपन्न थी,पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था | कैसे ? अथवा "काश, कोई होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता | अफसोस, ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला...|" क्या आपको लगता है कि ऐन के इस कथन में उसके डायरी लेखन का कारण छिपा है ?	**2X1=2**